राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–301/2023

राज्यपाल ने सम्पतचक के चिपुरा से विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

पटना, 30 नवम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने माननीय प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंन्सिंग के जरिये संवाद कार्यक्रम' में पटना जिलान्तर्गत सम्पतचक प्रखंड के पंचायत सरकार भवन, चिपुरा से भाग लिया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी को इंश्योरेंस क्लेम, सुकन्या समृद्धि योजना के लाभार्थी को पासबुक एवं किसान सम्मान योजना के लाभार्थियों को के०सी०सी० वितरित किया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों से बातचीत भी की।

इस अवसर पर जन–प्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....